मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 56 / 03 / 2021 / चयन

इन्दौर दिनांक 18 MAY 2021

/ / विज्ञप्ति / /

चिकित्सा अधिकारी पद हेतु साक्षात्कार आयोजित किये जाने संबंधी सूचना ।

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 01 / 2021 दिनांक 08.02.2021 के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हेतु **चिकित्सा अधिकारी** के कुल 727 पद (ST-253, OBC-401, EWS - 73 इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद – ST-83, OBC-132, EWS - 24, कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन (लोकोमीटर डिसेबिलिटी) हेतु आरक्षित पद –44) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है उपरोक्त पद हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 14.03.2021 निर्धारित थी एवं ऑनलाईन आवेदन के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख भिजवाने की अंतिम तिथि 26.03..2021 निर्धारित थी ।

2/ चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार आयोग कार्यालय,इंदौर में दिनांक 01 जून 2021 से आयोजित किये जा रहे हैं । साक्षात्कार हेतु योग्य आवेदकों को साक्षात्कार पत्र आयोग की बेबसाइड www-mppsc.nic.in पर दिनांक 23.05.2021 से उपलब्ध कराये जावेंगे ।

3/ साक्षात्कार प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होंगे आवेदक उक्त समय के एक घण्टा पूर्व ही आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें । कोरोना महामारी के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित आवेदको को कोरोना गाईड लाईन के नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा। आवेदकों को साक्षात्कार दिवस के पूर्व कोरोना जॉच करवाये जाने के उपरांत **आर.टी.पी.सी.आर नेगेटिव रिपोर्ट** की प्रति आयोग के मुख्य द्वार पर प्रस्तुत करने पर ही साक्षात्कार में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रवेश दिया जा सकेगा । कोरोना जॉच रिपोर्ट साक्षात्कार दिवस से अधिकतम 03 दिवस पुरानी नहीं होना चाहिए । अभ्यर्थी स्वयं की पानी की बॉटल, सेनिटायजर, मास्क अनिवार्यत साथ लायें ।

4/ साक्षात्कार तिथि परिवर्तन किये जाने हेतु आवेदकों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन मान्य नहीं किये जाकर नस्तीबद्व किए जावेंगे ।

5/ आवेदक साक्षात्कार पत्र में उल्लेखित प्रत्येक कंडिका का पालन करते हुए वांछित अभिलेख/प्रतियां अनिवार्यतः लेकर ही साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे । वांछित अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने की दशा में साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जावेगा ।

स्टाफ ऑफिसर

(चयन)